# NSS One Day Camp (22 September 2023)

On 22 September 2023 NSS Unit –II (Boys) organized one day camp to celebrate NSS day. Under the camp 3 main activities were organized. Firstly all volunteers helped in setting the auditorium for extension lecture to be held on topic “Empower and transform your personality through meditation” by Prof. Rajinder Arora, Principal, Govt. Girls college, Cheeka. He elaborated on the value of meditation to overcome the problems of anxiety, depression, stress and retention of memory. All NSS volunteers participated in 5 minutes meditation under his guidance. Secondly, tree plantation was carried out and volunteers not only just planted those saplings into the earth rather all plants were adopted by a group of volunteers to take care later. In last volunteers carried out campus cleanliness drive and accordingly volunteers are distributed among different departments and output of the drive was phenomenal. Camp was concluded with refreshment and closing speech by principal and programme officer.

# जीवन में तनाव बढ़ रहा है तो ऐसे में उसे दूर करने के लिए ध्यान करना एक कारगर उपाय : डा. राजेंद्र

**जागरण संवाददाता, झज्जर :** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में ध्यान के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं रूपांतरण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। एनएसएस इकाई एक और दो के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन भी हुआ। शिविर का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी और विकास सुहाग ने किया।



ध्यान से व्यक्तित्व विकास की यात्रा से जुड़ने का अभ्यास करते हुए विद्यार्थी। ● संस्था

कार्यशाला में राजकीय महिला महाविद्यालय, गुहला चीका के प्राचार्य डा. राजेंद्र अरोड़ा मुख्य वक्ता रहे। सेवानिवृत्त प्राचार्य डा. बीके दुग्गल, प्रोफेसर ब्रज बाला दुग्गल और प्रोफेसर रेणु ग्रोवर, साफ्टवेयर इंजीनियर सांची और तकनीकी सहायक सुमित बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला में एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी और महिला प्रकोष्ठ के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डा. राजेंद्र अरोड़ा ने कहा कि आधुनिक जीवन में तनाव बढ़ रहा है लेकिन उसको दूर करने के लिए ध्यान करना एक कारगर उपाय है।

आध्यात्मिक उन्नति से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि मरने के बाद शरीर समाप्त हो जाता है लेकिन आत्मा का अस्तित्व रहता है। इसलिए हमें अपने आत्मिक विकास पर ध्यान देना चाहिए। ध्यान करने से पढ़ाई में भी एकाग्रता बढ़ती है और व्यक्तित्व में निखार आता है तथा जीवन की चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने शिविर के सफल आयोजन पर एनएसएस अधिकारियों और स्वयं सेवकों को बधाई दी।


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM7P+79M, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.61304°
Long 76.685801°
22/09/23 02:11 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
NH352, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612005°
Long 76.680072°
22/09/23 02:31 PM GMT +05:30
Google

## Swachhta Pakhwada – Swachhta Hi Seva (1 October 2023)

On 1 Oct. 2023, NSS Cell MDU Rohtak organized Swachhta Hi Seva programme on the eve of Mahatama Gandhi Jayanti. NSS volunteers from various affiliated colleges participated in the event. 20 volunteers from our college also became the part of the grand event. Event involved cleanliness drive in the university campus and 4 KM march under Fit India Movement to motivate society about the value of cleanliness and fitness. Both of these events are flagged off by the Hon'ble Vice chancellor of the university Prof. Rajbir Singh in presence of NSS coordinator, Prof. Tilak Raj and programme officers from various colleges.








# Meri mati Mera desh - Kalash Yatra

Meri Mati Mera Desh is a initiative from Government of India to salute the bravery and sacrifices of Indian soldiers and martyr's. It involved collection of soil from each and every house of India and putting up that soil into kalash. All those kalash are then fed into large kalash at block level in all districts of the country. Soil from all blocks of the country will then be brought to Delhi to develop Amrit Garden. So various events are planned yo make this celebration like a festival. So NSS units of our college also celebrate this event on 12 Oct. 2023 by requesting all staff members and students to bring soil or rice to fill the kalash at college and kalash yatra was carried out in college campus to sensitize the students and staff about the importance of the event.

Large numbers of students and faculty members participated in the event to make it a grand success. Event was inaugurated by Hon'ble Principal of our college with large gathering of students.









हरिभूमि

रोहतक -झज्जर
13 Oct 2023

# भारत और भारतीयता की पहचान है हमारी मिट्टी : डॉ. दलबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक और दो के तत्वाधान में मेरी माटी-मेरा देश कलश यात्रा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने अपने घर से लाई हुई मिट्टी कलश में डालकर इस अभियान का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि देश की मिट्टी हमारे गौरव का प्रतीक है। इसमें किसानों, श्रमिकों और जवानों की मेहनत का पसीना मिला हुआ है।

■ हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूआत की




झज्जर। अपने घर से लाई मिट्टी व चावल कलश में रखते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक।

यह मिट्टी भारत और भारतीयता की पहचान है।

इसलिए हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए और अपने देश पर गर्व करना चाहिए। यात्रा का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और विकास सुहाग ने किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान से विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना का संचार होगा और वे देश सेवा के लिए प्रेरित होंगे। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने घर से मिट्टी और चावल के दाने लाकर कलश में अर्पित किए।

# Khadi Mahotsav

NSS Unit - I and II organized the poster making and slogan writing competition on the occasion of Khadi mahotsav, being celebrated from 2 October 202 to 31 October 2023 all over India. Volunteers from the NSS units participated with zeal and enthusiasm and prepared eye catching posters and slogan using various colorful charts and colors. These competition took out the creativity of the students on papers producing masterpieces. There were two separate panel of judges to shortlist the best poster and slogan. It was quite tough for judges to finalize the best one and rank them. Competition was felicitated by Dr. Jagdish Rahar and Sh. Rakesh Pasrija in presence of NSS units programme Officer and judges of the event.

**Winners of Poster making**

1. Taniya
2. Bharat Ahirwar
3. Anil Kumar

**Winners of Slogan writing**

1. Diksha
2. Mohit
3. Varsha








पोस्टर, स्लोगन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

19.10.2023 Amar Ujala

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक और दो के तत्वावधान में खादी महोत्सव के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनका आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग ने किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगदीश राहड़ ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की तानिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष के भारत ने दूसरा स्थान और अनिल कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बीएससी मेडिकल प्रथम वर्ष की दीक्षा पहले स्थान पर रही। बीए द्वितीय वर्ष के मोहित ने दूसरा स्थान और और बीए तृतीय वर्ष की वर्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का निर्णय प्राध्यापक संजीव कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार और मोनिका सिंगला ने किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का निर्णय प्राध्यापक सौरभ जैन, प्रियंका और रीना ने किया। संवाद

## NSS One Day Camp (31 October 2023)

On 31 October 2023 NSS Unit –II (Boys) organized one day camp. Under the camp 3 main activities were organized. Firstly all volunteers participated in cleanliness drive under Swachhta 3.0, various departments, library and common room are cleaned by the volunteers, output of the drive was phenomenal. Files in the office are also sorted in proper order. Secondly, National Unity Day pledge was taken by participants from NSS, NCC, YRC, students and all staff members of college.  output of the drive was phenomenal. Camp was concluded with refreshment and closing speech by principal and programme officer.









दैनिक भास्कर

झज्जर भास्कर 01-11-2023

58 वां स्थापना दिवस

## हरियाणा दिवस आज

### नेहरू कॉलेज में स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान



**झज्जर** | राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक और दो के तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान स्वयंसेवकों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों और लाइब्रेरी में सफाई अभियान चलाया तथा स्वच्छता अभियान के तहत पुराने रिकॉर्ड की फाइलों को संयोजित किया।

# नेहरू कॉलेज मे लगा एनएसएस शिविर

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक और दो के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान स्वयंसेवकों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों और लाइब्रेरी में सफाई अभियान चलाया तथा स्वच्छता अभियान के तहत पुराने रिकॉर्ड की फाइलों को संयोजित किया। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने राष्ट्रीय एकता दिवस का महत्व समझाया और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इसमें कॉलेज के सभी एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी छात्रों और स्टाफ सदस्यों में भाग लिया। संवाद

# NSS One Day Camp (18 April 2024)

On 18 April 2024, NSS Unit-II (Boys) organized third one day camp. In this camp 3 main activities were organized. Firstly there was an extension lecture by Dr. Ravi Kiran Madan, Retd Principal, he emphasized on the value of hard work, dedication and positive attitude as the three main pillars of success. He further added that education is not for just obtaining a degree or achieving a qualification to get a job. Education is much beyond that, education serves as the base for overall personality development, understands society and work for it. After the lecture, voter's awareness rally was organized, which was flagged off by the Additional Deputy Commissioner Smt. Saloni Sharma. During the rally volunteers spread the awareness and power of vote among villagers of Kamalgarh and college campus. Under the ambit of SVEEP (Systematic Voter's Education and Electoral Participation) activities, volunteers also participated in poster making, slogan writing and singing. During these events Smt. Surila and Dr. Amit Bhardwaj were present along with NSS programme officers. Volunteers are also carried out cleanliness drive in college campus. Finally camp concluded with refreshment and closing speech by Principal and programme officer.




GPS Map Camera
Google
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+X7R, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612662°
Long 76.685023°
18/04/24 11:34 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Jhajjar, Haryana, India
JM7H+GWP Jayant Residence, Jhajjar, Haryana 124104, India
Lat 28.613426°
Long 76.680746°
18/04/24 11:45 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Jhajjarrural, Haryana, India
JM7P+578, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612837°
Long 76.685843°
18/04/24 12:15 PM GMT +05:30

झज्जर भास्कर 19-04-2024

## नेहरू कॉलेज में एनएसएस शिविर का आयोजन

# अगर अच्छा जीवन चाहिए तो अच्छी पढ़ाई करनी पड़ेगी:मदान



झज्जर. कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इसके तहत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रवि किरण मदान ने विस्तार व्याख्यान दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने उनका अभिनंदन किया और परिचय दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. रवि किरण मदान ने कहा कि कॉलेज में आने का उद्देश्य केवल डिग्री लेना और नौकरी हासिल करना नहीं होना चाहिए। व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होना भी जरूरी है। अगर अच्छा जीवन चाहिए तो अच्छी पढ़ाई करनी पड़ेगी। स्वयंसेवकों ने कैमलगढ़ गांव तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसे अतिरिक्त उपायुक्त सलोनी शर्मा ने रवाना किया। रैली के दौरान आमजनों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवकों ने मतदान का महत्त्व समझाया और सबको मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदान के स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और गीत गायन की गतिविधियां भी करवाई गईं। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुरीला और डॉ. अमित भारद्वाज उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों ने कालेज परिसर की साफ–सफाई की और मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**जागरण संवाददाता • झज्जर** : राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर में एनएसएस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डा.मीनाक्षी और विकास सुहाग के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इसके तहत महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

सेवानिवृत्त प्राचार्य डा. रवि किरण मदान ने यहां विस्तार व्याख्यान दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने उनका अभिनंदन किया और परिचय दिया। अपने व्याख्यान में डा.रवि किरण मदान ने कहा कि कालेज में आने का उद्देश्य केवल डिग्री लेना और नौकरी हासिल करना नहीं होना चाहिए। व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होना भी जरूरी है। अगर अच्छा जीवन चाहिये तो अच्छी पढ़ाई करनी पड़ेगी। सकारात्मक दृष्टिकोण, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प जीवन में सफलता के मूल सूत्र हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और अपने आसपास के परिवेश को समझें। आप पढ़ाई के अलावा और क्या करते हैं तथा सीखते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना चाहिए और लेखन का नियमित अभ्यास करना चाहिए। स्वयंसेवकों ने कैमलगढ़ गांव तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसे अतिरिक्त उपायुक्त सलोनी शर्मा ने रवाना किया। रैली के दौरान आमजनों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवकों ने मतदान का महत्त्व समझाया और सबको मतदान करने के लिए प्रेरित किया।



मतदाता जागरूकता रैली निकलते हुए एनएसएस के स्वयंसेवक। • इंटरनेट मीडिया

मतदान के स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और गीत गायन की गतिविधियां भी करवाई गईं। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुरीला और डा.अमित भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इसके तहत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रवि किरण मदान ने विस्तार व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने उनका अभिनंदन किया और परिचय दिया। डॉ. रवि किरण मदान ने कहा कि कॉलेज में आने का उद्देश्य केवल डिग्री लेना और नौकरी हासिल करना नहीं होना चाहिए। व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होना भी जरूरी है। अगर अच्छा जीवन चाहिए तो अच्छी पढ़ाई करनी पड़ेगी। सकारात्मक दृष्टिकोण, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प जीवन में सफलता के मूल सूत्र हैं। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुरीला और डॉ. अमित भारद्वाज उपस्थित रहे। संवाद

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar - 19 Apr 2024 - Page 3

## शिविर लगाकर स्वयंसेवकों को दिए करियर संबंधी टिप्स

# सकारात्मक दृष्टिकोण को बताया सफलता का सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और विकास सुहाग के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर रवि किरण मदान ने विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में आने का उद्देश्य केवल डिग्री लेना और नौकरी हासिल करना नहीं होना चाहिए। व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होना भी जरूरी है। अगर अच्छा जीवन चाहिए तो अच्छी पढ़ाई करनी पड़ेगी। सकारात्मक दृष्टिकोण, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प जीवन में सफलता के मूल सूत्र हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और अपने आसपास के परिवेश को समझें। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्येतर गतिविधियों में भागीदारी व नियमित लेखन का अभ्यास करने के लिए भी प्रेरित किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने कैमलगढ़ गांव तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसे अतिरिक्त उपायुक्त सलोनी शर्मा ने रवाना किया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने आमजन को जागरूक करते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग व गीत गायन आदि गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर प्राध्यापिका सुरीला व डॉक्टर अमित भारद्वाज सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर रवि किरण मदान। फोटो: हरिभूमि